शाला में बदहाली | दो शिक्षकों में एक रहता है नदारद, बच्चों का भविष्य दांव पर

# प्राथमिक शाला घुघरी माल में पढ़ाई ठप्प

**नवभारत, नारायणगंज।** शिक्षा के स्तर को सुधारने और नौनिहालों का भविष्य संवारने के लिए शासन द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन ग्रामीण अंचलों में जमीनी हकीकत इन दावों से कोसों दूर नजर आती है। ऐसा ही एक चिंताजनक मामला संकुल केंद्र बबलिया के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक शाला घुघरी माल से सामने आया है। यहाँ विद्यालय की लचर व्यवस्था और शिक्षकों की मनमानी के कारण मासूम बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। विद्यालय में पदस्थ दो शिक्षकों में से एक अक्सर स्कूल से नदारद रहते हैं, जिसका सीधा असर बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर पड़ रहा है।

जानकारी अनुसार प्राथमिक शाला घुघरी माल में कक्षा पहली से लेकर पांचवीं तक की कक्षाएं संचालित होती हैं। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए यहाँ दो शिक्षकों की नियुक्ति की गई है,



लेकिन विडंबना यह है कि स्कूल में केवल एक ही शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित रहते हैं।

दूसरे शिक्षक अपनी मनमर्जी के हिसाब से कभी-कभार ही विद्यालय आते हैं। एक शिक्षक के लगातार गैरहाजिर रहने से स्कूल में पढ़ाई-लिखाई का माहौल पूरी तरह से बिगड़ गया है और कक्षाओं के संचालन में हमेशा व्यवधान उत्पन्न होता है।

### अभिभावकों ने की व्यवस्था सुधारने की मांग

बच्चों की प्रभावित होती पढ़ाई और स्कूल की लचर व्यवस्था को लेकर अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त है। छात्रों और उनके अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि प्राथमिक शाला घुघरी माल की शिक्षा व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए।

लापरवाह और मनमर्जी करने वाले शिक्षक पर सख्त कार्रवाई हो, जिससे बच्चों को नियमित शिक्षा मिल सके और उनका भविष्य संवर सके।

### घट रही छात्रों की दिलचस्पी और उपस्थिति

शिक्षकों की इस घोर लापरवाही का खामियाजा सीधे तौर पर बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। स्कूल में नियमित और सुचारू रूप से पढ़ाई न होने के कारण बच्चों की भी स्कूल आने में दिलचस्पी कम होती जा रही है। इसका सीधा असर छात्रों की उपस्थिति पर पड़ा है, जो लगातार गिर रही है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते शनिवार को जब मीडिया की टीम ने शाला का दौरा किया, तो पूरे स्कूल में केवल 7 बच्चे ही मौजूद पाए गए। दो शिक्षकों की पदस्थापना के बावजूद स्कूल का यह हाल शिक्षा विभाग की मॉनिटरिंग पर सवाल खड़े करता है।



# 7 अगस्त से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

**हर शुक्रवार फील्ड में रहेंगे अफसर: कलेक्टर**

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई । जिसमें उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान. 2026 की शुरुआत की जा रही है। यह अभियान 7 अगस्त 2026 से शुरू होकर 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य ध्येय जनता से सीधा संवाद स्थापित करनाए समस्याओं का शत.प्रतिशत मौके पर ही निराकरण करना और शासन के पर्यवेक्षण तंत्र को सुदृढ़ बनाना है।

### शुक्रवार को नहीं होगी कोई बैठक

इस दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह का शुक्रवार पूरी तरह से केवल फील्ड भ्रमण के लिए समर्पित रहेगा। भ्रमण से एक सप्ताह पूर्व ही संबंधित क्षेत्र के सीएम हैल्पलाइन ,जन.सुनवाई और लोक सेवा गारंटी के लंबित मामलों की समीक्षा कर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही कलेक्टर ने ये भी कहा कि यह संपूर्ण अभियान मुख्य रूप से संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी पर आधारित है। आयोजन के दौरान फि जूलखर्ची, साज.सज्जा और गैर-जरूरी व्यय पर पूरी तरह रोक रहेगी।

### 20 महत्वपूर्ण विषयों पर रहेगा सीधा फोकस

कलेक्टर के अनुसार अभियान के तहत 20 प्रमुख क्षेत्रों में सघन कार्रवाई और निरीक्षण किया जाएगा। इसमें नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के मामले, किसानों की फार्मर आईडीए आयुष्मान कार्ड, समग्र ई.केवाईसीए ,प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन की समीक्षा शामिल है। इसके अलावा आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल.कॉलेज, राशन दुकान और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का धरातल पर परीक्षण किया जाएगा।

## एक नजर में

### लोक निर्माण मंत्री ने सुनीं जनता की समस्याएं

**नवभारत,जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शुक्रवार को मदन महल स्थित नागपाल गार्डन कार्यालय में आम जनता और कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी समस्याओं व शिकायतों को जाना। इस दौरान नागरिकों ने बिजली, पानी, नाली की सफाई, आर्थिक सहायता, विद्यालयों में प्रवेश तथा छात्रवृत्ति जैसे विभिन्न विषयों को लेकर मंत्री को अपने आवेदन सौंपे। आम जन की परेशानियों को पूरी संवेदनशीलता से सुनने के बाद मंत्री राकेश सिंह ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यरक निर्देश दिए।

### कट्टे के साथ युवक धराया

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने एक युवक को कट्टा, कारतूस के साथ दबोचा है । टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि नेहरू नगर में कोई वारदात करने के नियत से घूम रहे समीर खान उर्फ पाटन 18 वर्ष निवासी कटरा मोहल्ला पाटन को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके कब्जे से देशी कट्टा एवं 1 कारतूस जप्त करते हुये आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये पूछताछ जारी है।

### हिरन नदी से रेत का उत्खनन: ट्राली पकड़ाई

**नवभारत, जबलपुर।** पाटन पुलिस ने गाडाघाट हिरन नदी से रेत चोरी कर परिवहन कर ट्राली में ले जायी जा रही रेत पकड़ी है। टीआई गोपिंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गाडाघाट निवासी छुट्ट उर्फरुस्तम पिता शेख सलीम अपने स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर में पीछे ट्राली लगाकर गाडाघाट हिरन नदी से रेत चोरी कर ट्राली में लोड़ कर गाडाघाट नरवा तरफसे होते हुये मिश्रान टपरिया तरफ किसी को बेचने की फिराक में जा रहा है, ट्राली को चैक करने पर रेत लोड मिली।

### सिहोरा-मझौली के जल उपभोक्ता संस्थाओं के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू

**नवभारत,जबलपुर।** जिले में अपर नर्मदा जोन के तहत आने वाले नर्मदा घाटी विकास संभाग क्रमांक 4 सिहोरा के कार्यक्षेत्र में जल उपभोक्ता संस्थाओं के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रचलन में है। सिहोरा एवं मझौली तहसील के अंतर्गत कुल 30895 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र में स्थापित 14 जल उपभोक्ता संस्थायें के 114 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों और 14 अध्यक्षों के चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम के अनुसार 28 जुलाई 2026 को अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार प्रत्याशी अपने नाम निर्देशन पत्र 5 से 12 अगस्त 2026 के बीच संबंधित तहसील कार्यालय सिहोरा एवं मझौली में जमा कर सकेंगे।

# सब्जी से भरा मालवाहक पलटा, बाल-बाल बचा चालक



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के तहत रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे यार्ड के जेईएसजी साइडिंग, गोहलपुर-रांझी क्षेत्र से कॉपर केबल चोरी करने वाले एक युवक को रंगे हाथ पकड़ लिया। इस कार्रवाई में आरोपी रेल इंजन से कॉपर केबल काटकर चोरी करने का प्रयास कर रहा था, तभी आरक्षक हरिकेश दुबे ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अरविंद सिंह मौके पर पहुंचे और विधिवत जब्ती की कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 1.7 किलोग्राम कॉपर वायर, जिसकी अनुमानित कीमत 1,530 रुपये है, बरामद की।

### दर्ज हुआ मामला

गिरफ्तार आरोपी की पहचान 19 वर्षीय राजदामन निवासी आंचल नगर, छुई खदान, जबलपुर के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध रेलवे संपत्ति (अवैध कब्जा) अधिनियम, 1966 की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक जितेंद्र तिवारी और आरक्षक हरिकेश दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरपीएफ ने कहा कि रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के लिए लगातार सघन निगरानी और अभियान चलाए जा रहे हैं तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल आरपीएफ को देने की अपील की गई है।

दो प्रतिष्ठानों से लिए खाद्य नमूने, एक्सपायरी सामग्री कराई नष्ट

# मिलावटखोरों पर खाद्य विभाग की सख्त कार्रवाई

**शहपुरा नवभारत।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, डिंडौरी द्वारा मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत शहपुरा विकासखंड के बिछिया स्थित दो प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण एवं छापामार कार्रवाई की गई।

साहू बेकरी एवं किराना का खाद्य पंजीयन अवधि समाप्त पाया गया, जिस पर संचालक को तत्काल नया पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए। यहां से राइस ब्रान तेल एवं केचप के नमूने जांच के लिए लिए गए।



इसके बाद खुशी किराना के निरीक्षण में एक्सपायरी खाद्य पदार्थ विक्रय के लिए रखे मिले, जिन्हें विक्रेता की उपस्थिति में मौके पर ही नष्ट कराया गया।

### लायसेंस नदारद

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर आवश्यक खाद्य लाइसेंस उपलब्ध नहीं मिला तथा उसका प्रदर्शन भी नहीं किया गया, जिसके संबंध में वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई। यहां से पनीर एवं दही के नमूने भी जांच के लिए संग्रहित किए गए। इसके साथ ही अन्य दुकानों एवं होटलों का भी निरीक्षण किया गया।

### प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

दोनों प्रतिष्ठानों से लिए गए खाद्य नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि खाद्य पदार्थ निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं अथवा मिलावट की पुष्टि होती है, तो संबंधित खाद्य व्यवसायियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# आलीशान घर में चल रहा था मिनी बार, पति-पत्नी गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** मदनमहल थाना अंतर्गत कालीमठ आमनपुर में आलीशान मकान की आड़ में चल रहे शराब के अवैध कारोबार का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में नामचीन ब्रांड्स की अंग्रेजी व देसी शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से कुख्यात शातिर अपराधी बंटू विश्वकर्मा और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

मदनमहल थाना प्रभारी धीरज राज ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आमनपुर कालीमठ निवासी बंटू विश्वकर्मा अपनी पत्नी के साथ मिलकर घर के पास भारी मात्रा में शराब का स्टॉक रखकर उसे खपा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर मकान पर दबिश दी। पुलिस को रोकने के लिए आरोपियों ने घर का मुख्य लोहे का गेट अंदर से लॉक कर लिया था। पुलिस के बार-बार आवाज देने पर अंदर मौजूद बंटू की पत्नी रजनी विश्वकर्मा (43) ने चिल्लाकर कहा कि बंटू घर पर नहीं है। संदेह होने पर जब पुलिस ने सख्ती से गेट खुलवाया, तो अंदर रजनी मौजूद थी। इसी बीच पुलिस को छत से भड़भड़ाने की आवाज आई। पुलिस ने देखा कि मुख्य आरोपी बंटू विश्वकर्मा छत के रास्ते छलांग लगाकर भाग रहा था। पूछताछ में पत्नी ने कुबूल किया कि उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए पति को छत पर छिपा दिया था।

### कमरे के अंदर कमरा... पुलिस ने तोड़ा दरवाजा

कार्रवाई के दौरान पोर्च और सीढ़ियों के पास शराब के कार्टन देखकर आरोपी महिला रजनी विश्वकर्मा घबरा गई। वह तुरंत भागकर घर के पहले कमरे के अंदर बने एक अन्य गुप्त कमरे में घुस गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। महिला पुलिसकर्मियों की मदद से कड़ी चेतावनी देकर दरवाजा खुलवाया गया और रजनी को कस्टडी में लिया गया। इसके बाद जब पुलिस ने घर के पहले कमरे की तलाशी लेनी चाही, तो उसका दरवाजा भी लॉक था। पुलिस ने जरा भी वक्त न गंवाते हुए बलपूर्वक दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां शराब का भारी जखीरा छिपाकर रखा गया था।

### पुराना हिस्ट्रीशीटर है बंटू

मदनमहल पुलिस ने घेराबंदी कर फरार हुए मुख्य आरोपी बंटू विश्वकर्मा उर्फ ज्ञानेश्वर विश्वकर्मा (50) को भी दबोच लिया है। थाना प्रभारी धीरज राज के मुताबिक, आरोपी बंटू विश्वकर्मा एक शातिर और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके खिलाफ पूर्व से 7 गंभीर अपराध दर्ज हैं।

# सेवानिवृत्त हुए 8 पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई



**नवभारत, जबलपुर ।** सेवा निवृत्त हुये 8 अधिकारियों, कर्मचारियों को शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी गई। शाम 6 बजे पुलिस कन्ट्रोलरूम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर कार्य उप निरीक्षक कृष्ण कुमार शुक्ला, सूर्यपाल सिंह, महेन्द्र कुमार मिश्रा, उमाशंकर पाण्डे एवं प्रधान आरक्षक स्वराज कुमार जैन, कार्य प्रधान आरक्षक भारत भूषण चौहान, प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी, सुदामा प्रसाद मिश्रा थाना बेलखेड़ा को पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में एएसपी शहर आयुष जाखड़ द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सतीष कुमार साहू, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पेंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी, कर्मचारियो के परिजन उपस्थित रहे।

# फेसबुक में टू-व्हीलर बेचने के नाम पर लगाई चपत

**प्रोफाइल में जालसाज ने लगाई थी फौजी की फोटो प्रकरण दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर ।** गोरखपुर थाना अंतर्गत पटेल मोहल्ला में रहने वाला एक युवक जालसाज के चंगुल में फंस गया। फेसबुक में टूव्हीलर बेचने के नाम पर उससे 40500 रूपए हड़प लिए गए। जालसाज की फेसबुक आईडी में फौजी की फोटो लगी थी।

पुलिस के मुताबिक अभिषेक रैकवार 30 वर्ष निवासी गोरखपुर पटेल मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई



कि उसकी पत्नी सपना रैकवार का केनरा बैक में खाता है। फेसबुक में टू व्हीलर बेचने का एड आ रहा था जिसमे एक फौजी की फोटो लगी थी।

उनका एक आई डी लगी थी जिसमे नंद किशोर सैनी लिखा था उनके व्दारा स्पलेडेन्डर की फोटो डाल के रखे थे जिसकी कीमत 15000 रुपए बताये थे।

### 15 हजार बताई कीमत

जानकारी के अनुसार उसे मोटरसायकिल लेना था तो उसके दिये हुये मोबाईल नबर पर बात किया और उनके व्दारा 15000 रुपए कीमत बताई गयी थी उसे बाईक पंसद आ गई तब उसने क्यू आर कोड पर पांच बार में 40500 रूपए डाल दिया फिर उनके व्दारा बाईक नहीं भेजी गयी है।

# सड़कों तक फैली दुकानें, सिविक सेंटर में फिर बिगड़े हालात

**जबलपुर।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र सिविक सेंटर में एक बार फिर अतिक्रमण के कारण अव्यवस्था का माहौल बन गया है। कपड़े, जूते-चप्पल और चार पहिया वाहनों की एसेसरीज बेचने वाली कई दुकानों ने अपनी निर्धारित सीमा से करीब चार-चार फीट तक आगे सामान सजाना शुरू कर दिया है। दुकानों के सामने सड़क तक डिस्प्ले लगाए जाने से पैदल चलने वालों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धीरे-धीरे यह स्थिति पूरे बाजार में फैलती जा



रही है, जिससे बाजार की यातायात व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। स्थिति का सबसे बड़ा असर यातायात पर देखने को मिल रहा है। सड़क किनारे दुकानें फैलने के कारण ग्राहक अपने दोपहिया और चारपहिया वाहन सीधे सड़क पर ही खड़े कर रहे हैं। इससे बाजार की सड़कें संकरी हो गई हैं और दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। व्यस्त समय में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जबकि राहगीरों को भी सड़क पर उतरकर चलना पड़ता है। स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

### पुराने जैसे हुए हालात

गौरतलब है कि कुछ समय पहले तत्कालीन कलेक्टर ने सिविक सेंटर में बढ़ते अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात पर चिंता जताते हुए विशेष अभियान चलाकर व्यवस्था दुरुस्त कराई थी। उस दौरान दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर ही व्यापार करने के निर्देश दिए गए थे और सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था।

पहल | यातायात पुलिस और एयरपोर्ट प्रशासन की पहल, किराए में पारदर्शिता और सुरक्षित सफर पर जोर

# जबलपुर एयरपोर्ट पर पहले प्री-पेड टैक्सी सेवा शुरू

**नवभारत , जबलपुर।** शहर में आने वाले हवाई यात्रियों के लिए अब एयरपोर्ट से गंतव्य तक पहुंचना पहले की तुलना में अधिक आसान और व्यवस्थित हो जाएगा। डुमना स्थित भारतीय विमानतल पर शुक्रवार को प्री-पेड टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय अग्रवाल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के निदेशक शिल्पी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने प्री-पेड टैक्सी काउंटर का निरीक्षण किया और टैक्सी संचालकों को यात्रियों के साथ




शालीन व्यवहार तथा निर्धारित नियमों के पालन के निर्देश दिए।

### तय किराया, आसान प्रक्रिया

जबलपुर एयरपोर्ट पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यवसायी, पर्यटक, विद्यार्थी और मरीज पहुंचते हैं। शहर से अनजान यात्रियों को अक्सर टैक्सी किराए को लेकर असमंजस का सामना करना पड़ता था। अब प्री-पेड टैक्सी काउंटर पर गंतव्य के अनुसार निर्धारित किराया जमा कर रसीद प्राप्त करने के बाद अधिकृत टैक्सी उपलब्ध होगी। इससे किराए में पारदर्शिता आएगी और यात्रियों को सुरक्षित व भरोसेमंद परिवहन सुविधा मिलेगी।

यातायात पुलिस का कहना है कि प्री-पेड टैक्सी सेवा से एयरपोर्ट पर परिवहन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनेगी। अधिकारियों ने यात्रियों को केवल अधिकृत प्री-पेड टैक्सी का उपयोग करने की सलाह दी है, ताकि तय किराए पर सुरक्षित और भरोसेमंद यात्रा सुनिश्चित हो सके।

# 25 लाख की ठगी : गोटेगांव के तीन शातिर ठग गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत इंद्रागांधी वार्ड छोटी बजरिया निवासी बुजुर्ग के साथ विश्वासघात करते हुए 25 लाख रूपए हड़पने वाले गोटेगांव के तीन शातिर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक कृष्णकांत दुबे 65 वर्ष निवासी इन्द्रागांधी वार्ड छोटी बजरिया गढा ने आठ जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सिद्धेश्वर कॉलोनी, गोटेगांव श्रीधाम जिला नरसिंहपुर निवासी राजाराम तिवारी 62 वर्ष उसके परिचित हैं जिनसे पारिवारिक अच्छे सम्बंध हैं राजाराम तिवारी के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र अमिष तिवारी



32 वर्ष शादीशुदा है इनका एक पेट्रोल पम्प, श्रीधाम पेट्रो कृषि केन्द्र श्रीनगर तिराहा के पास परमहंसी रोड, श्रीधाम गोटेगांव जिला नरसिंहपुर में है एवं पुराने वाहनों का विक्रय करने का काम भी करते हैं, राजाराम तिवारी के पुत्र अमिष तिवारी ने उसे अपनी जरूरत बताकर माह फरवरी 2025 में 10 लाख, माह नवम्बर 2025 में 15 लाख रूपये लिए थे । अमिष तिवारी द्वारा उसे भरोसे में लेकर उससे कुल 25 लाख रूपये की राशि प्राप्त कर ली गई, लेकिन वापस नहीं की गई।

### करोड़ों की ठगी कर चुके है आरोपी

सूत्रों के मुताबिक अमिष तिवारी अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर परिचितों, रिश्तेदारों एवं अन्य लोगों से इसी तरह का फ्रॉड करके करोड़ों की राशि लेकर ठगी कर चुके है। ठगी के मामलों में अमिष के साथ उसके भाई तन्मय, रिश्तेदार आयुष पर कई थानों में धोखोधड़ी के मामले दर्ज है।